सेक्टर 02 में डेंगू नियंत्रण के लिए भिलाई निगम का विशेष अभियान

भिलाईनगर। सेक्टर क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण पर चल रहे कार्य का धरातल पर प्रगति देखने निगम आयुक्त , विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि, जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जिला मलेरिया विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं निगम भिलाई के स्वास्थ्य अमला के साथ सेक्टर 02 के सड़क 05 पहुँचे और घरो का मौका मुआयना किये ।
निगम आयुक्त रोहित व्यास भिलाई इस्पात संयंत्र के स्वास्थ्य विभाग के अमले को प्रतिदिन रूट चार्ट बनाकर डेंगू प्रभावित क्षेत्र के प्रत्येक घर का सघनता से जांच कर घर में वर्षा जल का जमाव न हो इसे सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने कबाड़ के वस्तु , कूलर, पानी टंकी आदि की जांच कर टेमिफाॅस का छिड़काव करने को कहा। लोगो को जागरूक करने मुनादी के साथ साथ पाम्प्लेट बांटकर , डेंगू से बचाव हेतु सजग करने की सलाह दी है।
आयुक्त श्री व्यास भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जानना चाहा कि आपके द्वारा डेंगू के लार्वा के विनिष्टीकरण , एडल्ट मच्छरों के खात्मे के लिए क्या उपाय किए जा रहे है अधिकारी द्वारा बताये जा रहे कार्यो के दस्तावेजी प्रमाण मौके पर उपलब्ध नही होने पर अपनी नाराजगी भी व्यक्त किये । उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में डेंगू सबसे ज्यादा प्रभावित है , उस क्षेत्र के प्रत्येक घरो की जांच कर लार्वा के खात्मे के लिए टेमिफाॅस का वितरण करे , बैकलाइन की सफाई पर विशेष ध्यान दे। सड़क के दोनो किनारे उगे गाजर घास , खरपतवार की सफाई करे। यह सुनिश्चित कर ले कि नाली में तथा निर्माण स्थल पर वर्षा जल का जमाव न हो।
टीम के सदस्य भ्रमण के दौरान जब सड़क 05 के मकान नं. 26 एफ में जांच करने पहुंचे तो पाया कि बाउंड्रीवाल के भीतर एक बाल्टी में काफी दिनों से पानी भरा है जिसमें डेंगू के लार्वा पाए गए। आयुक्त श्री व्यास ने बीएसपी के स्वास्थ्य अमले से कहा कि इस मकान का पूर्व में जब जांच किया गया है और ऐसे में यहां डेंगू के लार्वा पाया जा रहा है तब मकान मालिकों के खिलाफ दंड अधिरोपित करे। सेक्टर के मार्केट क्षेत्र में दुकानों के बाहर रखे गए कबाड़ सामग्री को भी जप्त करने के निर्देश दिए ताकि उन स्थलों पर पानी का जमाव न हो सके। निगम आयुक्त ने बीएसपी के स्वास्थ्य अमले से कहा कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश अनुसार क्वाकोथरिन धुएं का छिड़काव सुबह 5 से 7 बजे के बीच एवं शाम को 6 से 8 बजे के बीच करें इसी समय एडल्ट मच्छर ज्यादा सक्रिय रहते है। घरों के अंदर हैंडस्प्रे के माध्यम से मैलाथियान का छिड़काव करे।
टीम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाॅ. जे पी मेश्राम, विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य समन्वय श्रीमती अंजू विश्वान , कीट जनित रोगो के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डाॅ. जितेन्द्र कुमार, निगम स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, सभी जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी , भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य अधिकारी के के यादव , जिला मलेरिया विभाग के इंस्पेक्टर मोहन राव सहित निगम एवं बीएसपी के स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।